>

Title : Need to provide compensation to the families of girls who died after falling into the well built by contractors engaged in construction of roads under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana in district Chhattarpur, Khajuraho Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

श्री जितेन्द्र सिंह बुन्देला (खजुराहो): मेरे खजुराहो संसदीय क्षेत्रान्तर्गत जिला छत्तरपुर में वमीठा से मझगुवां मार्ग का निर्माण प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजनान्तर्गत किया गया है, जिसके निर्माण के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क के ठेकेदारों द्वारा मार्ग निर्माण के लिए पानी के स्रोत के लिए कुओं का निर्माण किया गया। मार्ग निर्माण में उक्त कुए से पानी के उपयोग के उपरांत उसको खुला छोड़ दिया गया, जिसमें विगत एक माह पूर्व तीन बच्चियों की गिरकर मृत्यु हो गई है, जो कि अति गरीब पिछड़ा वर्ग परिवार से थीं।

इन बच्चियों की मृत्यु का कारण प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क के ठेकेदारों द्वारा खोदे गये कुएं में हुई, जो कि मार्ग निर्माण उपरांत लापरवाही की गई एवं उक्त कुएं का कोई संरक्षण नहीं किया गया। कार्य उपरांत ऐसे कई स्थानों पर विभाग के ठेकेदारों द्वारा लापरवाही की जाती है, जिस पर विभाग के अधिकारी भी ध्यान नहीं देते हैं, जिसका हर्जाना ग्रामीणों को चुकाना पड़ता है। इसमें विभाग द्वारा भी अभी तक कोई कदम या दिशा निर्देश नहीं दिये गये हैं।

आपके माध्यम से अनुरोध है कि उक्त बच्चियों के परिवार को विभाग से या ठेकेदारों से शीघ्र मुआवजा दिलाया जाये एवं इस लापरवाही के लिए दोषियों पर कार्यवाही की जाये, जिससे भविष्य में ऐसी लापरवाही न हो। इस हेतु शीघ्र दिशा निर्देश विभाग द्वारा जारी किये जायें। उक्त बच्चियों को शीघ्र मुआवजा मिले, इसके लिए मैं सदन के माध्यम से विभाग को अवगत कराना चाहता हूं।